महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में: भीषण हादसे में युवक की मौत, महिला गंभीर

बलौदाबाजार (आरएनएस)। जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, यहां पर ट्रक ने बाईक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद युवक की मौके पर मौत हो गई और महिला गंभीर रूप से घायल बताई जा रही हैं। हालांकि घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचा दिया गया है। पूरी घटना बलौदाबाजार-भाटापारा मुख्य मार्ग में स्थित अम्बुजा सीमेंट फेक्ट्री के पास की है। आपको बता दें, ट्रक की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि जब ये एक्सीडेंट हुआ, उस वक्त ट्रक अनियंत्रित होकर अंबुजा सीमेंट के पास दीवार पर जा घुसा। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इस दुर्घटना के बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार चल रहा है।

नर्सरी में लगी आग : बांस के हजारों पेड़ों पर छाया संकट, लपटें पंहुचीं राइस मिल तक

बलौदाबाजार (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के भाटापारा रोड स्थित सेठ बंशीधर केडिया राइस मिल परिसर के पीछे लगे 14 एकड़ की बांस की नर्सरी में भीषण आग गई। आग लगाने से बांस के हजारों पेड़ों पर संकट सा छा गया है। आग की लपटें इतना तेज था कि राइस मिल तक पहुंच गया । इसके बाद इसकी सूचना दमकल की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लग गए। कड़ी मशक्त से आग बुझाने की कोशिश जारी है।

पांच शेर एक साथ दिखने से जिले में बना कौतूहल

गरियाबंद (आरएनएस)। वनमण्डल में एक साथ पांच शेर दिखने की अफवाह जिले में तेजी से फैला हुआ है, जिससे लोगो मे इस बात की सच्चाई जानने कौतूहल बना हुआ है।ज्ञात हो कि अभी दो दिनों से लोगो के बीच एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है।इस वीडियो को गरियाबंद वनमण्डल के ग्राम बार के जंगल की घटना लिखा जा रहा।लेकिन गरियाबंद जिला में शेर नही होने की जानकारी है।लेकिन एक साथ पांच शेर देखे जाने का वीडियो वायरल हो रहा है ,इस सच्चाई जानने लोगो के बीच कौतूहल बना हुआ है।

लापता शिक्षिका की लाश मिली,हत्या की आशंका

जशपुर (आरएनएस)। जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में तीन दिनों से लापता शिक्षिका की लाश मिली है वहीं लाश से थोड़ी दूरी पर लावारिस कार मिली है। महिला की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है इसकी जांच चल रही है। मामले को सुलझाने में तीन थानों कुनकुरी, तपकरा, तुमला की पुलिस जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सोमवार को सलीहा टोली में एक लावारिस कार खड़ी होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची कुनकुरी पुलिस को कार में 10वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका मिली थी। पुलिस जांच ही कर रही थी कि इसी दौरान नदी किनारे एक महिला की लाश मिलने की जानकारी मिली। दोनों घटनाक्रम के बाद पुलिस प्रत्येक साक्ष्यों की बारिकी से जांच में जुट गई है किंतु अभी तक निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। बता दें कि मृतिका तपकरा की रहने वाली है और फरसाबहार के शासकीय स्कूल में शिक्षिका है। 3 दिन पहले वह घर से निकली थी। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

यूपीएससी आयोजित कम्बाइन्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 16 को

रायपुर (आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 2023 की परीक्षा 16 अप्रैल को तीन पालियों में प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 11 बजेतक , द्वितीय पाली दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एवं तृतीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसी तरह नेशनल डिफेन्स एकाडमी एण्ड नेवल एकाडमी परीक्षा 2023 की परीक्षा 16 अप्रैल को ही सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जायेगी।

सरगुजा संभाग के प्रतापपुर में युवा किसान ने शुरू की सेब की खेती : लगाए 100 से ज्यादा पौधे, कई में 1 साल में ही लगे फल

- मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के युवा किसान कर रहे हैं खेती में नवाचार
- धान की खेती से हटकर किसान अपने खेतों में उगा रहे हैं दूसरी फसलें

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। कुछ समय पहले तक छत्तीसगढ़ के किसान धान की फसल के अलावा दूसरी फसलों के बारे में सोचते भी नहीं थे। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किसानों के लिए शुरू की गयी जनहितकारी योजनाओं के चलते किसान अब नवाचार कर रहे हैं। धान के बदले दूसरी फसलें लेने के लिए शासन द्वारा शुरू की गयी योजना का लाभ लेकर किसान छत्तीसगढ़ जैसे गर्म प्रदेश में सेव की खेती कर रहे हैं।

सेव की खेती ठंडे प्रदेशों में हो सकती है,इस मिथ्या को तोडऩे की कोशिश प्रतापपुर के एक युवा कृषक ने की है। मुकेश गर्ग नाम के कृषक ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर जैसी गर्म जगह में अलग-अलग किस्म के सेव के सौ से ज्यादा पौधे लगाए हैं और कुछ में तो फल भी आने शुरू हो गए हैं।कुछ हप्तों में ये पूरी तरह से तैयार होकर खाने लायक हो जायंगे। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में कहीं भी सेव की खेती हो सकती है और ये किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

आमतौर पर सेव का फल हिमाचल प्रदेश,जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड जैसे कम

तापमान वाले राज्यों में होते हैं क्योंकि वहां का मौसम सेव की खेती के लिए अनुकूल है। छत्तीसगढ़ का मौसम गर्म है उन्हें सेव के अनुकूल नहीं माना जाता और इसकी खेती सपने जैसी है।लेकिन अब गर्म स्थानों में भी सेव की खेती हो सकती है।

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से मिली फसल के रखरखाव की जानकारी- मुकेश गर्ग से मिली जानकारी के अनुसार खेती से उनका जुड़ाव शुरू से है,वे हमेशा कुछ अलग करने का प्रयास करते हैं। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि हिमाचल प्रदेश में सेव की ऐसी किस्म विकसित हुई है जो गर्म प्रदेशों में भी उग सकते हैं । मुकेश ने इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से सम्पर्क किया और प्रतापपुर में सेव की नई किस्म के पौधे लगाए। उन्होंने इनके रोपण और रखवाली को लेकर उनसे और तरीके समझे तथा पौधे ऑर्डर किये इनका रोपण कराया। एक वर्ष की अवधि में ये पौधे चार से छह फीट के हो चुके हैं,कई में फल भी आ चुके हैं।

पौधों की रखवाली और रोपण में तरीकों को लेकर उन्होंने बताया कि इसका मुख्य समय नवम्बर से फरवरी के बीच होता है।इसके लिए उन्होंने पहले से ही दो बाय दो फीट गड्ढे तैयार करके रखे थे और गड्ढों को दीमक रोधी दवा(रीजेंट) से उपचारित किया गया था। गड्ढों में गोबर,मिट्टी और थोड़ा सा डीएपी डालकर पानी से भरकर रखे गए थे।इसका फायदा यह होता है कि गड्ढों को जितना बैठना होता है बैठ जाता है और पौधे लगने के बाद इनके रेशे टूटने का डर नहीं होता है। इसके बाद 1-2 दिन में पौधे रोपित कर दिए थे।इनके लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती है केवल गर्मियों में दो से तीन दिन में पानी देना होता है। इस बात का ध्यान रखना होता है कि पौधों में बारिश के पानी का रुकाव नहीं हो क्योंकि जड़ों के सडऩे का डर होता है।

सेव की इस किस्म के लिए 50 डिग्री तक का तापमान है अनुकूल- मुकेश गर्ग बताते हैं कि आमतौर पर सेव की फसल ठंडे प्रदेशों में होती है लेकिन सेव की फसल 'हरमन 99' के लिए अधिकतम 50 डिग्री तक का तापमान अनुकूल है। हरमन के साथ 'अन्ना' और 'डोरसेट' किस्म भी यहां के तापमान के अनुकूल है।

ग्रीन एनर्जी से हासिल हो रहा 3200 मिलियन यूनिट बिजली

कोरबा (आरएनएस)। पनचक्की के लिए पहाड़ी इलाके, पवन ऊर्जा के लिए तटीय तो सौर ऊर्जा के लिए उष्ण जलवायु वाले क्षेत्र अनुकूल होते हैं। छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति अपेक्षाकृत इनके प्रतिकूल है। लेकिन, मजबूत इरादों और बेहतर प्रबंधन के साथ कम संभावनाओं में भी ज्यादा पाने के जज्बे ने यहां ग्रीन एनर्जी को संकट मोचक बना दिया है। यही वजह है कि वर्ष 2022-23 में यहां 3200 मिलियन यूनिट बिजली ग्रीन से हासिल किया गया है, जो एक साल पहले 2021-22 से 134 मिलियन यूनिट अधिक है।

प्रदेश में साल दर साल बिजली की मांग बढ़ती जा रही। बीते वर्ष 2022 में अधिकतम 5200 मेगावाट तक बिजली की डिमांड रही। इस वर्ष अप्रैल माह में अब तक अधिकतम 5400 मेगावाट तक मांग जा पहुंची है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी की कोयला आधारित बिजली की उत्पादन क्षमता 2800 मेगावाट है। सेंट्रल सेक्टर से मिलने वाली बिजली व राज्य उत्पादित बिजली के बाद भी करीब 400 मेगावाट बिजली का अंतर बना हुआ है। इसकी पूर्ति के लिए विद्युत कंपनी ने पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से 200 मेगावाट बिजली एक्सचेंज अनुबंध किया है। अप्रैल में संकट को दौर में बिजली पंजाब से लिया जाएगा और इतनी ही बिजली अक्टूबर में गेंहू की फसल की दौरान पंजाब को वापस लौटाया जाएगा। शेष बचे 200 मेगावाट की भरपाई ग्रीन एनर्जी उत्पादित बिजली से की जा रही है। इस वर्ष के फरवरी माह के ग्रीन एनर्जी स्त्रोंतो पर नजर डालें तो हाइडल से 198.93 मिलियन यूनिट, सोलर से 77.82 व बायोमास से 114.22 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन हुआ। मार्च से अप्रैल के बीच भी ग्रीन एनर्जी का बेहतर साथ मिल रहा है। खास करके हसदेव बांगो हाइडल प्लांट की 40-40 मेगावाट की तीन इकाइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यहां कुल 120 मेगावाट की तीनों इकाइयां से पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन हो रहा। ग्रीन एनर्जी की मदद से राज्य को कटौती से बचाया जा रहा है।

हसदेव बांगो बांध में 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का एक और अत्याधुनिक पावर प्लांट लगाए जाने पर राज्य सरकार ने काम शुरू कर दिया है। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा। पंप स्टोरेज हाइडल इलेक्ट्रिक संयंत्र होने की वजह से पानी की रि.साइकलिंग हो सकेगी। इससे बिजली उत्पादन में पानी की खपत कम होगी। पहले से बांगो में 120 मेगावाट की जल विद्युत संयंत्र संचालित है। वहीं दर्री में 1.6 मेगावाट क्षमता का मिनी हाइडल प्लांट है। नए संयंत्र के बाद कोरबा में हाइडल प्लांट की क्षमता 1321.6 मेगावाट हो जाएगी।

नाबालिग से रेप के आरोपी ने जेल में लगाई फांसी, कोर्ट से सजा मिलने के बाद उठाया खौफनाक कदम

जांजगीर-चाम्पा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिले में सजायाफ्ता बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जांजगीर जिला जेल में बंदी ने यह खौफनाक कदम उठाया। बंदी को नाबालिग से रेप के मामले में 4 दिन पहले ही कोर्ट ने दोषी करार दिया और 20 साल की सजा सुना दी। सजा मिलने के बाद से ही बंदी परेशान था और बीती रात उसने गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर दी। रविवार सुबह जेल में बंदी का शव मिला। बंदी की आत्महत्या से जेल प्रशासन में हडक़ंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार फांसी लगाने वाले बंदी का नाम बनवारी कुमार कश्यप था। पामगढ़ थाना क्षेत्र के खैरा गांव के युवक बनवारी कश्यप पर नवागढ़ थाने में नाबालिग लडक़ी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। 8 अप्रैल 2022 को लडक़ी को बरामद किया गया। इसके बाद नाबालिग ने बनवारी कश्यप पर रेप का आरोप लगाया। इस मामले में नवागढ़ पुलिस ने 15 मई 2022 को बनवारी कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। करीब एक साल से मामला कोर्ट में था और सुनवाई के बाद न्यायालय ने उसे हाल ही में बीस साल की सजा दी थी।

महिला सहित 4 लोग गुढ़ियारी से गिरफ्तार, कब्जे से 4 किलो गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। 4 किलोग्राम गांजा के साथ महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढिय़ारी क्षेत्रांतर्गत रेलवे कॉलोनी स्थित काली माई मंदिर के पास कुछ व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखें है तथा बिक्री कर रहें है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गुढिय़ारी को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकडऩे हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गुढिय़ारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम दषमनिया बाई, बसंत राम खाण्डेकर, राहुल नायक एवं ब्रम्हा नायक होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 04 किलोग्राम गांजा तथा बिक्री रकम जुमला कीमती लगभग 42,000/- रूपये जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना गुढिय़ारी में अपराध क्रमांक 136/23 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

नया सामान निकाल डालता था पुराना सामान, डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों को पुराना सामान डिलीवरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी डिलीवरी ब्वॉय नूतन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले नया सामान बॉक्स से निकालकर उसके बदले में पुराना सामान डालकर ग्राहकों को डिलीवरी करता था. कंपनी की प्रधान संचालिका की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 407 के तहत अपराध कायम कर उसके कब्जे से तीन हेडफोन जब्त कर लिया है.

सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक मैत्री कुंज रिसाली भिलाई निवासी श्रुति घोष ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह पंडरी रायपुर स्थित डेक्सटर मंत्रा इंस्टा कार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्रधान संचालिका के पद पर पदस्थ हैं. संस्था को शक था कि डिलीवरी ब्वॉय नूतन कुमार साहू कंपनी की तरफ से भेजे जा रहे हैं डिलीवरी आइटम बदल रहा है. थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस

और एसीसीयू यूनिट की टीम ने नूतन कुमार साहू टिकरापारा निवासी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर कंपनी के डिलीवरी आइटम की पैकिंग खोलकर अंदर रखे नए सामानों को निकाल कर उसके बदले पुराने और सस्ते सामान डालकर पैक कर सप्लाई करने की बात स्वीकार कर ली।

सीएसपी मनोज कुमार ध्रुव ने बताया कि सिविल लाइन में कंपनी की प्रधान संचालिका ने शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुटी और आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की. पूछताछ करने पर आरोपी ने नए सामान के बदले पुराने सामान देने की बात स्वीकारी है. पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है.

ग्राम पुरई की तैराक कु चन्द्रकला ओझा ने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया

दुर्ग (आरएनएस)। छग के दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत पुरई की 15 वर्षीय कु चन्द्रकला ओझा ने 9अप्रैल को ग्रामीण देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सुबह 5 बजकर 10 मिनट में ग्राम की डोघिंया तालाब में उतर कर लगातार 8 घंटे तैरकर दोपहर 1 बजकर 10 मिनट को गोल्डन बुक आफ वल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाई।इस गौरवशाली पल के साक्षी बनने क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, रिसाली नगर निगम की महापौर शशि

सिन्हा,केश कला बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन,श्रम कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जिला पंचायत दुर्ग के कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, फ्लोटिंग विंग एकेडमी के संरक्षक हर्ष साहू, अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़, सरपंच पुरई उमा रिगरी, सरपंच खम्हरिया सुखीराम यादव, सरपंच धनोरा मनीष साहू, सरपंच कातरो मंजू यदू, सरपंच रिसामा गीता महानंद, सरपंच पाउवारा वामन साहू, ग्राम पंचायत पुरई के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोग गायिका रजनी रजक ने सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीत गाकर बच्ची का हौसला अफजाई किया। आभार प्रदर्शन क्लब के मुख्य प्रशिक्षक ओमकुमार ओझ ने किया।

बुजूर्ग से लूट के मामले के 6 आरोपी गिरफ्तार, 7 लाख बरामद

दुर्ग (आरएनएस)। पद्मनाभपुर क्षेत्र में रिटार्यड बुजुर्ग व्यक्ति के साथ घटित लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जानकारी एवं मानवीय सूचना संसाधनों के बेहतरीन तालमेल से मामले को सुलझाने में सफलता मिली है। बालोद में पेशी पर आए राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के आरोपियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। फिर से वे एक नई घटना को अंजाम देने ट्रेन में सवार होकर जा रहे थे। पुलिस टीम द्वारा वेण्डर बनकर आरोपियों को धर दबोचा गया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 07 लाख रूपए बरामद कर लिए गए है। पुलिस की यह कार्रवाही एसीसीयु टीम और पद्मनाभपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गई है। आरोपी बबलू खान पिता हुकुम खान, उम्र 36 साल, निवासी ग्राम सयलोकर, जिला करौली, राजस्थान,अली शेख पिता हुसैनी शेख उम्र 38 साल, निवासी ग्राम नरौरा, जिला बुलंद शहर, उत्तर प्रदेश,अली मोहम्मद पिता हुसैनी शेख, उम्र 35 साल, निवासी नरौरा, जिला बुलंद शहर, उत्तर प्रदेश ,तस्लीम खान पिता जमीर खान, उम्र 28 साल, निवासी ग्राम नरौरा, जिला बुलंद शहर, उत्तरप्रदेश,अनी श खान पिता अब्दुल अजीम, उम्र 35 साल, निवासी ग्राम कलकत्ती,नरौरा, जिला बुलंद शहर, उत्तर प्रदेश ,अब्दुल अजीम पिता तबादीर खान, उम्र 70 साल, निवासी नरौरा, जिला बुलंद शहर, उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। शेष 2 अन्य आरोपी परवीन खान निवासी ग्राम सागनेर, जिला जयपुर, राजस्थान ,आलम खान निवासी मुरैना, मध्यप्रदेश की पतासाजी की जा रही है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 5 अप्रैल 2023 को पैगंबर सिह मण्डावी पिता स्व बहुर सिंह मण्डावी, निवासी ग्राम भोथीपार, जिला बालोद ने थाना पद्मनाभपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया की 27 मार्च को मेरे घर के पास 03अज्ञात व्यक्ति आये और बोले की हमारे पास जेसीबी है। हम लोग सडक़ बनाने का काम करते है अभी हम लोग का जेसीबी खाली है।

कुछ काम करवाना हो तो करवा लो पैसा अपने हिसाब से दे देना बोले तो मैं अपने खेत को समतलीकरण करने का काम उनको दे दिया। खेत का समतलीकरण करने बाद दूसरे दिन 29 मार्च 2023 को सुबह वो तीनों अज्ञात व्यक्ति मेरे खेत में आकर खेत समतलीकरण का बिल 27 लाख रूपये हुआ है बोल कर पैसा मांग करने लगे नहीं दोगे तो तुम्हे जेल में डलवा देने की धमकी देने लगे तो मै डरकर उनको पैसा देने के लिये उनमें से 01 व्यक्ति को अपने मोटर सायकल के पीछे बैठा कर भिलाई आया पंजाब ने शनल बैंक सेक्टर 6 ब्रांच से 13,50,000 रूपये निकालकर अपने गॉव भोथीपार जाने के लिए निकला जब धनोरा-हनोदा रोड पर पहूँचा था तो मेरे साथ आये व्यक्ति ने गाडी रूकवाया। उसी समय उसके अन्य 02 साथी भी मोटर सायकल से आ गये और मेरे पास रखे 13,50,000 रूपये को छिनकर भाग गए घटना के बाद मैं अपने गॉव वापस चला गया और आस-पास 03 व्यक्तियों की पतासाजी करते रहा,नहीं मिलने पर उनकी पद्मनाभपुर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य लाभ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धान्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU